आज

गौरव शाली परंपरा का १०१ वां वर्ष

पंचायत स्तर पर जैव विविधता प्रबंधन समिति का हुआ गठन

गौनाहा(संवाद सूत्र)। गौनाहा प्रखंड 18 पंचायतों में पंचायत स्तर पर जैव विविधता प्रबंधन समिति का गठन किया गया है।इस जैव विविधता प्रबंधन समिति का गठन का मुख्य उद्देश्य यही है कि पंचायत है फैलते हुए प्रदूषण को कैसे रोक लगाना, क्लाइमेट को साफ रखना,पौधा लगवाना जैसे अन्य महत्वपूर्ण

कार्य को कैसे पूरा किया जाए ?जिसको लेकर महुई पंचायत भवन में पंचायत सचिव कृष्ण दत्त राम,मुखिया शहर चौधरी,कार्यपालक सहायक रुपेश कुमार और वार्ड सदस्य की उपस्थिति में बैठक किया गया। वही पंचायत सचिव कृष्ण बत्रा ने बताया कि इस प्रबंधन समिति में सचिव पद पर पंचायत सचिव ही रहेंगे बाकी अध्यक्ष,सचिव और पाँच सदस्यी टीम बनाना है जिसमे अनुसूचित जनजाति के दो पुरुष व तीन महिला को चुनाव कर चयनित करना है।वही धनौजी में अध्यक्ष संतोष कुमार,महुई में विनोद काजी,बेलसंडी में दिलशाद आलम जैसे अन्य पंचायतो में बने।वही सभी पंचायतों की अध्यक्षता मुखिया ने किया।